केंद्रीय विद्यालय क्र. 3 वायु सेना स्थल चकेरी कानपुर

KENDRIYA VIDYALAYA NO. 3 AFS CHAKERI KANPUR

दिनांक : 25-03-2025

सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 1 में प्रवेश हेतु सूचना

1. कक्षा 1 में प्रवेश के लिए केवल प्राथमिकता श्रेणी 5 की प्रतीक्षा सूची से अनंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों का **प्रवेश दिनांक 26-03-2025 से 02-04-2025 तक सभी कार्यदिवसों प्रातः 09:00 बजे से अपराहन 01:30 बजे तक किया जाएगा।**
2. कक्षा 1 में प्रवेश हेतु बच्चे की आयु निम्नवत होनी चाहिए।

कक्षा	बच्चे की आयु 31-03-2025 को
कक्षा 1	**6 वर्ष एवं अधिक किन्तु 8 वर्ष से कम**

3. सभी प्रवेश केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा जारी प्रवेश दिशानिर्देशों 2025-26 एवं समय समय पर जारी स्पष्टीकरणों के अनुसार एवं सभी आवश्यक प्रपत्रों के सत्यापन के उपरांत ही दिया जाएगा।
4. अभिभावक अपने पाल्य को प्रवेश के दिन अवश्य साथ लाएं।
5. अनंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों की सूची मेँ नाम होने मात्र से अभ्यर्थी प्रवेश का हकदार नहीं होगा।
6. आवश्यक प्रपत्र नहीं देने पर अथवा जाली प्रमाणपत्र देने पर अथवा गलत सूचना देने पर विद्यालय प्रशासन को किसी भी स्तर पर प्रवेश निरस्त करने का पूर्ण अधिकार है।
7. प्रवेश के समय निम्न दस्तावेजों की प्रमाणित प्रति लगाना अनिवार्य है।
   i. ऑनलाइन भरे गए पंजीकरण फ़ॉर्म का प्रिन्ट आउट
   ii. नगर निगम द्वारा ऑनलाइन जारी बच्चे का नाम सहित जन्म प्रमाणपत्र।
   iii. निवास प्रमाणपत्र (आधार कार्ड / मतदाता पहचान पत्र / फोन बिल / बिजली बिल / गैस कनैक्शन / ड्राइविंग लाइसेंस / तहसील द्वारा जारी निवास प्रमाणपत्र)
   iv. बच्चे का जाति प्रमाणपत्र (यदि लागू हो)
   v. ओबीसी नॉन क्रीमी लेयर का प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)
   vi. आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EVS) का प्रमाण पत्र (केवल सामान्य वर्ग के लिए लागू)
   vii. बच्चे की ब्लड ग्रुप रिपोर्ट
   viii. बच्चे का आधार कार्ड
   ix. अभिभावक का ईमेल एवं मोबाइल नंबर
   x. सरकारी विभाग द्वारा जारी नवीनतम सेवा प्रमाणपत्र एवं वेतन पर्ची, यदि लागू हो)डीडीओ के नाम, पद, हस्ताक्षर एवं फोन नं. के साथ)

xi. सरकारी विभाग द्वारा जारी कर्मचारी के स्थानांतरणों का विवरण, यदि लागू हो।
xii. विद्यालय से आवास की दूरी का प्रमाणपत्र
xiii. मुख्य चिकित्सा अधिकारी / सक्षम अधिकारी द्वारा जारी दिव्यांग (विकलांग) प्रमाणपत्र, यदि लागू हो
xiv. सरकार द्वारा जारी आय प्रमाणपत्र, यदि लागू हो
xv. बच्चे के पासपोर्ट साइज़ 02 फ़ोटो

8. किसी भी अनंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थी का प्रवेश दिनांक 02-04-2025 बाद नहीं लिया जायेगा।
9. पंजीकरण फॉर्म एवं सभी प्रमाणपत्रों में बच्चे एवं उसके माता-पिता के नाम एवं अन्य विवरण में समानता होनी चाहिए अन्यथा प्रवेश देना संभव नहीं होगा।
10. समय से उपस्थित न होने पर प्रवेश देना संभव नहीं होगा।
11. शुल्क का विवरण :-

शुल्क विवरण		कक्षा 1
1	प्रवेश शुल्क	रु॰ 25
2	विद्यालय विकास निधि (अप्रैल से जून तक रु. 500 प्रति माह की दर से)	रु. 1500
	कुल देय शुल्क	रु. 1525

12. प्रवेश हेतु अभिभावक को नियमानुसार निर्धारित शुल्क का भुगतान यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में ऑनलाइन अथवा बैंक में निर्धारित अवधि में जमा करना अनिवार्य है। अन्यथा प्रवेश स्वतः ही निरस्त माना जाएगा।
13. केन्द्रीय विद्यालय संगठन के पत्रांक F. 110240/04/2013/KVS/Budget दिनांक 19-03-2013 के प्रावधानों के अनुसार सेवा श्रेणी 1 से 4 के अंतर्गत आने वाले अभ्यर्थियों (सरकारी कर्मचारियों) को सामान्यतः किसी प्रकार की छूट देना संभव नहीं होगा। उक्त छूट प्राप्त करने हेतु सेवा श्रेणी 1 से 4 तक के आवेदक को अपने विभाग से बाल शिक्षा भत्ता की प्रतिपूर्ति का अधिकारी न होने का विभागीय डी.डी.ओ. द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
14. अधिक जानकारी के लिए कृपया विद्यालय की वैबसाइट https://no3chakeri.kvs.ac.in का अवलोकन करें अथवा विद्यालय में संपर्क करें।

प्राचार्य